

दिल्ली-पीतमपुरा। दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से ज्ञान चर्चा करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रभा। साथ हैं ब्र.कु. सुनीता, ब्र.कु. उषा, ब्र.कु. प्रतीक तथा अन्य।



मधुबनी-बिहार। श्रीमद्भगवद् गीता के अंतिम सत्र में शिवलिंग की आरती कर पूजा करते हुए पूर्व उद्योगमंत्री सह विधायक समीर महासेठ। साथ है ब्र.कु. मीना, ब्र.कु. संगीता एवं गणमान्य अतिथिगण।



नाहन-हि.प्र.। 'विश्व एकता एवं विश्वास हेतु ध्यान' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए सबज़ोन प्रमुख महादेव नगर गुजरात,कला एवं संस्कृति प्रभाग और युवा प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रमा, ब्र.कु. सुशील, लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं संजय आहूजा,एमडी इन्टीग्रेटेड लैबोरेट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड।



दिल्ली-कृष्णा नगर। विधायक डॉ. अनिल गोयल से ज्ञान चर्चा करने के पश्चात् समूह चित्र में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अनु तथा अन्य ब्रह्माकुमार भाई-बहनें।



गढ़दीवाला-पंजाब। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित झांकी उद्घाटन पश्चात् विधायक जसवीर सिंह राजा गिल को ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ब्र.कु. जसकौरत व ब्र.कु. सीमा। साथ है अन्य अतिथिगण।



झुंझुनूं-राज.। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में ब्र.कु. अमृत दीदी, ब्र.कु. साक्षी, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, उपभोक्ता पारितोषिक आयोग अध्यक्ष मनोज मिल, डॉ. पितराम सिंह गोदारा, पूर्व चीफ इंजीनियर मालीराम वर्मा, प्रभारी पवन सैनी, परमेश्वर हलवाई तथा अन्य की उपस्थिति रही।

अनुभव

# यहाँ समाज सुधार का महासंगम केन्द्र- शंकराचार्य

**यहाँ जो प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के माध्यम से बनाई गई व्यवस्था में जो राजयोग है वो अतुलनीय है। इसके माध्यम से समाज के हरेक वर्ग को सुधारने का कार्य किया जा रहा है और उनके जीवन को ऊंच स्तरीय बनाने का जो तरीका है ये अनुपम है। यहाँ त्याग, सेवाभाव व समर्पण से किया जाने वाला कार्य निश्चित ही समाज को बल प्रदान करेगा, ये कहना है आदि शंकराचार्य त्रिकाल भवंता सरस्वती जी महाराज का। उन्होंने आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान मुख्यालय के डायमंड हॉल में त्रि-दिवसीय अखिल भारतीय साधू-संत महासम्मेलन में व्यक्त किया अपना अनुभव। उनके अनुभव के कुछ अंश उन्हीं के शब्दों में यहाँ प्रस्तुत हैं...**



आदि शंकराचार्य जगतगुरू त्रिकाल भवंता सरस्वती जी महाराज-

ब्रह्माकुमारीज़ के प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय साधु-संत महासम्मेलन में जो राजयोग का, परमात्म ज्ञान का, अपने को पहचानने का, अपने जीवन को सरल बनाने का, अपने जीवन को आंनदमय सफल बनाने का, अपने जीवन को सफल बनाकर दूसरों के जीवन सफल बनाने का, इसकी अति सुन्दर व्यवस्था है। भाषा, भोजन जो भी यहाँ पर संस्थान के अलग-अलग 19-20 विंग्स हैं, सभी अपनी-अपनी जगह पर सेवा, समर्पण और प्रेम से परमात्मा के बताए हुए मार्ग पर चल कर रहे हैं। ये मुझे अति सुन्दर अनुभव हुआ, इस अनुभव के मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं, जिसको मैं बयां कर सकूं।

यहाँ ब्रह्माकुमारीज़ बहनों की जो त्याग, तपस्या, सेवा, सर्मपण और प्रेम का भाव है, वो अतुलनीय है। परमपिता परमात्मा ने जो नारियों को इतना ऊँचा स्थान दिया है, ये भी अतुलनीय है। ब्रह्मा बाबा का त्याग, तपस्या, संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रत्यक्ष रूप यहाँ देखने को मिल रहा है। मेरा भी जीवन आदि शक्ति की पुनर्स्थापना के लिए है जो बाबा का मिशन है, वही मिशन बाबा की कृपा से मेरा भी है। बस फर्क इतना है, बाबा ने श्वेत वस्त्र में बताया, मैं भगवा वेष में हूँ।

यहाँ समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों को जो सुधारने व चरित्रवान बनाने का कार्य चल रहा है ये सिर्फ सराहनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी है। जो यहाँ आयेगा वो निश्चित रूप से अपना जीवन सफल करेगा और खुद के कल्याण के साथ-साथ पूरे मानव समाज की आत्माओं का कल्याण कर उनका जीवन सफलता की ओर प्रेरित करेगा। यहाँ शान्तिवन के मुख्यालय के मनमोहिनीवन परिसर में जो गॉडलीवुड स्टूडियो है उसके माध्यम से बनाई हुई ब्रह्माबाबा के पूरे जीवन की कहानी को डेढ़ घंटे की डॉक्यूमेन्ट्री के माध्यम से हमने देखा। अति सुन्दर व्यवस्था है यहाँ, संस्थान का जो पीस ऑफ माइंड चैनल है, उसके माध्यम से पूरे विश्व में परमात्म ज्ञान व शान्ति फैलाने का कार्य हो रहा है।

राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. गीता दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी एवं राजयोगिनी ब्र.कु. मनोरमा दीदी व अन्य सभी जो हमारी समर्पित बहनें हैं, जो मानव कल्याण की सेवा में लगे हुए हैं उन सभी के लिए मैं कोटि-कोटि भगवान से, परमपिता शिवबाबा से प्रार्थना करती हूँ कि उनकी दीर्घ आयु हो, स्वस्थ रहें और मानव मात्र को देवतुल्य बनाने का ऐसे ही प्रेरणादायी कार्य करती रहें।



मथुरा-उ.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के खेल प्रभाग एवं फिज़िकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस व खेल दिवस के अवसर पर आयोजित 'जागरूकता साइकिल रैली' में ब्र.कु. पूजा, ब्र.कु. मनोहर, ब्रह्माकुमारीज़ खेल प्रभाग के मुख्यालय संयोजक व मुख्य ट्रेनर ब्र.कु. जगबीर सिंह, भारत के प्रसिद्ध साइकिलिस्ट रिटायर्ड ब्रिगेडियर विक्रम सिंह, साइकिलिस्ट मदन लाल, साइकिलिस्ट योगेन्द्र सिंह, मथुरा रिफाइनरी के सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार, वित्त अधिकारी ब्र.कु. आलोक, प्रोडक्शन इंजीनियर नवीन प्रकाश, डॉ. अजीत आदि की उपस्थिति रही।



मऊ-उ.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा पुलिस लाइन में 'राजयोग द्वारा सम्बन्धों में मधुरता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विमला, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण तथा अन्य ब्रह्माकुमारी बहनें।



करेली-राज.। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ सहित सभी अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए ब्रह्माकुमारी बहन।



कुराली-पंजाब। ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरु हरकृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए ब्र.कु. स्वराज बहन तथा अन्य।



चिरकुंडा-झारखंड। सीआईएसएफ कैम्प में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. पिंकी, ब्र.कु. अर्चना तथा अन्य ब्रह्माकुमारी बहनें, सीआईएसएफ के जवान भाई एवं अधिकारीगण।